# बड़ा पावन मनभावन है राखी त्यौहार गीत लिरिक्स

बड़ा पावन मनभावन है राखी त्यौहार,
भैया घर चले आना तुम सावन में,
प्यारी बहना के साथ मनाऊँ,
राखी का त्यौहार,
आया है यही विचार बहना मेरे मन में,
बड़ा पावन मनभावन हैं राखी त्यौहार,
बड़ा पावन मनभावन हैं राखी त्यौहार।bd।

---

जीना युग युग भैया,
यही मांगे बहन,
आऊँ बनके मैं भाई तेरा,
सातों जनम,
कभी भूल ना जाना,
अपनी बहना का प्यार,
रहना प्यार से बंध के बहना बंधन में,
प्यारी बहना के साथ मनाऊँ,
राखी का त्यौहार,
आया है यही विचार बहना मेरे मन में,
बड़ा पावन मनभावन हैं राखी त्यौहार,
बड़ा पावन मनभावन हैं राखी त्यौहार।bd।

---

चाँद सूरज के जैसे,
तुम रहना अमर,
प्यारी बहना को ना लगे,
किसी की नजर,
मिले जिंदगी में भैया तुमको,
खुशियाँ अपार,
कोई फिक्र ना आए तुमको जीवन में,
तेरे प्यार में पाया मैंने सारा संसार,
है रौशनी तुमसे ही आँगन में,
बड़ा पावन मनभावन हैं राखी त्यौहार,
बड़ा पावन मनभावन हैं राखी त्यौहार।bd।

---

बड़ा पावन मनभावन है राखी त्यौहार,
भैया घर चले आना तुम सावन में,
प्यारी बहना के साथ मनाऊँ,
राखी का त्यौहार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आया है यही विचार बहना मेरे मन में,
बड़ा पावन मनभावन हैं राखी त्यौहार,
बड़ा पावन मनभावन हैं राखी त्यौहार।bd।

**Singer – Ravi Raj**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com